एक नजर में

साहू समाज ने मनाया मां कर्मा जन्मोत्सव

मुलताई। नगर मे साहू समाज द्वारा आराध्य देवी मां कर्मा जन्मोत्सव के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए।साहू समाज अध्यक्ष पवन साहू बिसने एवं मां कर्मा जन्मोत्सव कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा साहू ने बताया सुबह 11 बजे जगन्नाथ मंदिर में सामाजिक बंधुओं द्वारा भोग लगाकर बजरंग दल चौक पर खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया 4 बजे से शीतला माता मंदिर में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ किया एवं 7 बजे महाआरती की आरती के पश्चात समाज में मेघावी छात्र छात्राओं एवं सेवानिवृत कर्मचारियो को सम्मानित किया एवं इस अवसर पर गौ सेवा एवं गौ रक्षकों एवं शीतला माता मंदिर में प्रतिदिन आरती पूजा करने वाले भक्तों का सम्मान किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में सभी सामाजिक बंधुओं एवं अतिथियो का साहू समाज अध्यक्ष पवन साहू बिसने ने आभार व्यक्त किया।

धूमधाम से सम्पन्न हुआ जेरी मेला

बैतूल। घोड़ाडोंगरी क्षेत्र के बाकुड़ गांव में आयोजित तीन दिवसीय जेरी मेला प्रतियोगिता का शुभारंभ 13 मार्च 2026 से 15 मार्च 2026 तक आदिवासी पारंपरिक संस्कृति एवं रीति-रिवाजों के अनुसार ग्वाल देव बाबा की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। प्रथम दिन ग्वाल देव बाबा स्थल से शोभायात्रा निकाली गई, जो मेला स्थल तक पहुंची। मेला के प्रथम दिन सीतामाता फाग महिला नृत्य मंडल पहाड़ढाना, जमुनाफाग महिला नृत्य मंडल बीचढाना, ग्वाल देव फाग महिला नृत्य मंडल भट्टीढाना तथा संग्रामशाह फाग महिला नृत्य मंडल दुलरहा द्वारा शानदार आदिवासी लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दी गईं। जेरी प्रतियोगिता में साहबू डांगवा सहित पांच खिलाड़ियों ने भाग लिया, लेकिन पहले दिन कोई भी जेरी नहीं तोड़ पाया। मेला के दूसरे दिन श्रीराम फाग मंडल बाकुड़ तथा गुरुसाहब फाग मंडल वन ग्राम बाकुड़ द्वारा मेघनाथ पर आधारित प्रस्तुति दी गई। दोपहर के बाद आयोजित जेरी प्रतियोगिता में डांगवा के खिलाड़ियों ने पुनः किस्मत आजमाई, जिसमें रामाधार मावसे सफल रहे और जेरी तोड़कर प्रतियोगिता अपने नाम की। मेला के तीसरे दिन महिला फाग मंडलों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इसके साथ ही जय सेवा गोंडी डंडार मंडल खखाराढाना, संग्रामशाह मंडल दुलरहा, कलिकुमार मंडल बाकुड़ तथा डांगवा देवबाबा मंडल द्वारा कोरकू भाषा में शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस प्रकार तीन दिवसीय जेरी मेला का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मन्तु सलाम (अध्यक्ष पारंपरिक जन समिति छोटा महादेव भोपाली), राजेश कवड़े, राजू नर्रे, केरिया सज्जूलाल इवने (गोंडवाना महामंत्री), आजाद श्यामराव टेकाम, मानु मरस्कोले (ब्लॉक अध्यक्ष गोंडवाना पार्टी घोड़ाडोंगरी), वनपाल प्रकाश धुर्वे, अखंडे साहब तथा पटवारी राजेंद्र इरपाचे उपस्थित रहे। आयोजन समिति में अध्यक्ष दिनेश मरस्कोले, सचिव एडवोकेट छोटू सिंह उइके, उपाध्यक्ष मुन्ना मरस्कोले, सदलू वट्टी, रुपसा कुमरे, बिनोर कुमरे, संतलाल मरस्कोले तथा कोषाध्यक्ष प्यारे सीयर भूमका रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सज्जूलाल कुमरे ने किया। समिति के सदस्य ब्रज कुमरे, नदलाल तुमडम, माखन मरस्कोले, धरमु वट्टी, बसंत काकोड़िया, शनि मरस्कोले, प्रभु उइके एवं सुम्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं दर्शकजन उपस्थित रहे।

बिना लायसेंस शुल्क जमा किये संचालित हो रहे अधिकांश मैरिज गार्डन

नवभारत न्यूज

बैतूल, 16 मार्च. शहर में आधा सैकड़ों से अधिक मैरिज गार्डन संचालित हो रहे हैं। लेकिन नपा ने प्रशासन से उपविधियों का अनुमोदन कराने के बाद भी उन नियमों का पालन नहीं कराया, जिनका उल्लेख उसमें किया गया।

नपा के रिकार्ड में सिर्फ 20 मैरिज गार्डन रजिस्टर्ड

नपा नोटिस देकर नहीं करती है कार्रवाई

सिर्फ नगरपालिका ने नोटिस दिए है। नोटिस में यह जानकारी दी गई है कि कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध होना अनिवार्य है। इनके अभाव में अनाधिकृत विवाह स्थल घोषित कर वैधानिक कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। जारी नोटिस में कहा गया है कि विवाह स्थल के पंजीयन एवं उपभोग के नियंत्रण के संबंध में आदर्श उपविधि 2020 प्रभावशील की गई है। प्रावधानों के तहत निकाय से नियमानुसार विवाह स्थल का पंजीयन कराया जाकर समस्त शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। विवाह स्थल के पंजीयन एवं उपभोग अनुज्ञप्ति के लिए सभी शर्तों को पूरा कर आवेदन निकाय में प्रस्तुत करें। ऐसा नहीं किए जाने पर विवाह स्थल को अनाधिकृत घोषित कर वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। बता दे कि नगरपालिका के रिकार्डो में मात्र 20 ही मैरिज गार्डन रजिस्टर्ड है, जो शहर में संचालित हो रहे है। इनमें भी कई मैरिज गार्डन ने पंजीयन का रिन्यूवल नहीं कराया है। वहीं कई मैरिज गार्डन का रिकार्ड तक नगरपालिका के पास उपलब्ध नहीं है और वे बेधडक संचालित हो रहें है। ऐसे मैरिज गार्डन संचालकों ने संपत्ति टैक्स तो दूर, लाइसेंस फीस तक जमा नहीं की है। जिससे नपा को राजस्व नुकसान हो रहा है।

सिर्फ नोटिस तक सीमित नपा की कार्रवाही: मैरिज गार्डन संचालकों पर कार्रवाही को लेकर नपा का रवैया उदासीन है। नपा मैरिज गार्डन संचालकों को नोटिस तो जरूर जारी करती है, लेकिन कार्रवाही नहीं करती है। शासन से जो नई गाइड लाइन जारी हुई हैं, उसमें सभी मैरिज गार्डन संचालकों को नोटिस जारी कर दिए हैं, लेकिन उक्त दिशा-निर्देशों का पालन करना नगरपालिका भूल गई है।

रोज वसूलते है लाखों रूपये किराया

सीजन में मैरिज गार्डन संचालक एक-एक दिन का लाखों रूपये किराया वसूल करते है। लेकिन सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर अधिकांश मैरिज गार्डन के पास कोई इंतजाम तक नहीं है। यहां तक कि इन मैरिज गार्डन में होने वाले आयोजनों के दौरान गाडियां भी सडक और सडक किनारे ही पार्क की जाती है। मैरिज गार्डनों के पास उचित पार्किंग व्यवस्था तक नहीं है। सुरक्षा को लेकर कई मैरिज गार्डन नियमों का पालन नहीं कर रहे। साथ ही कई गार्डनों के प्रवेश द्वार छोटे हैं। जिससे कभी भी हादसे का डर बना रहता है। शादियों का सीजन शुरू होने के कारण सडक किनारे बने गार्डनों की वजह से आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है, क्योंकि गार्डन संचालकों ने पार्किंग के लिए कोई इंतजाम नहीं किए हैं।

> शहरी क्षेत्र में जो मैरिज गार्डन संचालित है, उन्हें नई गाइड लाइन का पालन करने के लिए कहा गया है। नये मैरिज गार्डन का सर्वे किया जा रहा है। जिन मैरिज गार्डन का पंजीयन नहीं है या उन्होंनें शुल्क जमा नहीं किया है, ऐसे 15 से 20 मैरिज गार्डनों को नोटिस जारी किये गये है।
>
> **- नागेन्द्र वागद्रे, सब इंजीनियर, नपा बैतूल**

ग्रामीण क्षेत्र में बिना लायसेंस फीस के संचालक

नगरपालिका क्षेत्र में कुछ गार्डन संचालकों ने लाइसेंस फीस जमा कर रखी है, लेकिन शहरी सीमा से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित मैरिज गार्डन बिना नियम कायदे कानून के ही संचालित हो रहे हैं। नपा सूत्रों की माने तो ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाले गार्डनों की जांच करने का काम जनपद के अंतर्गत आता हैं। लेकिन जनपद भी मैरिज गार्डन के संचालन को लेकर खास दिलचस्पी नहीं दिखाता है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों के मैरिज गार्डन बिना लाइसेंस फीस जमा किए ही संचालित हो रहे हैं। जिससे शासन को भी राजस्व की हानि उठानी पड़ रही है।

शोभायात्रा निकाली, जौलखेड़ा में होगी अमरेश्वर महादेव की स्थापना

मुलताई। क्षेत्र के ग्राम जौलखेड़ा मे स्थित ऐतिहासिक उदासीन आश्रम राधाकृष्ण मठ से शोभायात्रा निकाली गईं, जो ताप्ती तट पहुंची। 16 मार्च से 27 मार्च तक जौलखे?ा मे धार्मिक आयोजन के अमरेश्वर शिवलिंग की स्थापना की जाएगी। इस दौरान श्री शतचंडी एकादश कुंडात्मक महायज्ञ, श्रीराम कथा, श्री अमरेश्वर (नर्मदेश्वर) शिवलिंग और श्री धूना साहब की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम पूज्य गुरुदेव श्री श्री 1008 श्रीमहंत धर्मप्रकाशजी महाराज के सानिध्य और अध्यक्षता में संपन्न होगा।जिसके चलते सोमवार को

ग्राम से शोभा यात्रा प्रारम्भ हुई। यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। यात्रा मे जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, भाजपा नेता नरेंद्र गिरी सहित ग्रामीण बड़ी संख्या मे शामिल हुए।18 मार्च को श्रीमद भागवत गीता का पाठ होगा। वहीं 19 मार्च से श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा। यह कथा प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक चलेगी। 21 मार्च से 27 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक हवन अनुष्ठान किया जाएगा। इसी अवधि में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ, श्री महामृत्युंजय पाठ, मंडल स्थापना, मंडप पूजन तथा अरणि मंथन जैसे धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। 22 मार्च को मां ताप्ती की महाआरती और 23 मार्च को श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ होगा।कार्यक्रम के अंतिम चरण में 27 मार्च को श्री धूना साहब और श्री अमरेश्वर शिवलिंग की स्थापना की जाएगी। इसी दिन संत सम्मेलन, पूर्णाहुति, वसोर्धारा, महाआरती और महाप्रसादी भंडारे का आयोजन होगा। श्री रामनवमी के अवसर पर विशाल भंडारा भी रखा गया है।

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन विभाग मंत्री पहुंचे बैतूल

बैतूल। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन विभाग मंत्री उदय प्रताप सिंह ने सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक ी हेमंत खंडेलवाल के निवास पहुंचकर दिवंगत सुश्री सुरभि खंडेलवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उन्होंने विधायक श्री खंडेलवाल तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। वहीं अध्यक्ष, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग भोपाल अवधेश प्रताप सिंह ने भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के निवास पहुंचकर दिवंगत सुश्री सुरभि खंडेलवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने विधायक श्री खंडेलवाल तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर से स्वयंसेवकों का सम्मान

बैतूल। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय शिविरों में सहभागिता कर लौटे स्वयंसेवकों का महाविद्यालय में स्वागत समारोह आयोजित कर सम्मान किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे द्वारा विद्यार्थियों को पुष्पगुच्छ, प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। एनएसएस का सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा (हरियाणा) में आयोजित किया गया था। इस शिविर में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व इशियाक अली ने किया। शिविर में उन्होंने विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक एवं नेतृत्व गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इसी प्रकार एनएसएस का सात दिवसीय मप्र राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर तक चित्रकूट में आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय की ओर से भुवनेश्वरी आहाके, नितिन पवार तथा विक्रम पहाड़े, हिमांशु पाटिल ने सहभागिता की। प्रशिक्षण शिविर में स्वयंसेवकों को नेतृत्व विकास, सामाजिक सेवा, सामुदायिक जागरूकता तथा व्यक्तित्व निर्माण से संबंधित विविध गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

शिविर में 64 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित

मुलताई। लायंस क्लब ताप्ती नगरी मुलताई द्वारा पाढर हॉस्पिटल एवं सरकारी अस्पताल के सहयोग से सोमवार को नगर के सरकारी अस्पताल मे मोतियाबिंद जांच एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रात: 10 बजे से पंजीयन प्रारंभ हुआ, जिसमें कुल 145 मरीजों का पंजीयन किया गया। जांच उपरांत 64 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। जिन्हें नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु पाढर हॉस्पिटल ले जाया जाएगा। शिविर में पाढर हॉस्पिटल से डॉ. अभिषेक एवं डॉ. अमृता मसीह द्वारा मरीजों की जांच की गई। इस दौरान लायंस क्लब मुलताई ताप्ती

नगरी के अध्यक्ष नमन अग्रवाल, सचिव अभिषेक अग्रवाल,नीरज ठाकरे,राजीव जैन, दीपेश बोथरा, हेमंत शर्मा, प्रकाश खड़के, रवि खाड़े, जयेश संघवी, आशीष जैन, महेश नायक, सुधीर पुरी, योगेश पटेल, सचिन ठाकुर, संतोष धोटे हिवरखेड़ उपस्थित रहे। शिविर मे नेत्र सहायक आरडी. गडेकर, विनोद कुमार बामने, जगदीश पहाडे,संगीता सिसोदीया, सुनीता अनघोरे, सुनीता उबनारे, ज्योति विश्वकर्मा, प्रभा नागले, गीता बुआडे, बसंती पवार, पुनीत बदन सिंह एवं सुरेंद्र का विशेष सहयोग रहा।

प्रतिकर योजना और पास्को एक्ट कानून की दी जानकारी

बैतूल। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष दिनेश चन्द्र थपलियाल के मार्गदर्शन में 16 मार्च को नगर पालिका सभागृह बैतूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में वरिष्ठ न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शर्मिला बिलवार ने उपस्थित यौन शोषण से पीड़ित बालिकाओं के पुनर्वास एवं प्रतिकर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसके अलावा उन्होंने नालसा की डॉन ड्रग जागरूकता एवं कल्याण नेविगेशन-नशा मुक्त भारत योजना, 2025 तथा नालसा तस्करी एवं वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2015 के बारे में भी विस्तार से बताया। इसके साथ ही मप्र अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना तथा पास्को एक्ट कानून की जानकारी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शर्मिला बिलवार, नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थिति थे।

5 दुकानों के टूटे ताले, 3 दुकानों से नगद चोरी

मुलताई। नगर मे नागपुर नाके के आगे से कामथ तक सोमवार की सुबह अज्ञात चोर द्वारा 5 दुकानों के ताले तोड़कर 3 दुकानों से नगद रुपए चोरी कर लिए, वहीं चोरी को 2 दुकानों मे नगदी नही मिली। चोरी मे खास बात यह रही की चोर ने सिर्फ नगद रुपए चोरी किए,सामान चोरी नही किया। व्यापारी नमन अग्रवाल, दयाल पवार, राजेंद्र गढेकर, जगदीश पटेल ने बताया सोमवार सुबह करीब 4.50 बजे से 6बजे के बीच एक व्यक्ति बाइक से आया और बाइक खडे कर दुकानों के ताले तोड़कर दूकान मे चोरी की। अज्ञात चोर द्वारा गिरिराज ट्रेडिंग

कंपनी से नकद 50 हजार रुपए, कामथ मे पन्ना सैनिक केंटीन से कांच तोड़ कर 35 से 40 हजार रुपए का नुकसान पहुंचाया, वहीं जय बिल्डिंग मटेरियल से 20हजार रुपए नकद चोरी कर ले गया। वहीं चोर द्वारा भारत हार्डवेयर एवं अमर गीत टाइल्स कभी ताले तोड़कर काउंटर के ड्राअर तोडे लेकिन चोर को रुपए नही मिले।चोरी की घटना को लेकर व्यापारियों मे रोष व्याप्त है, व्यापारियों द्वारा घटना की थाने मे रिपोर्ट की है।

वीआईपी स्कूल के पास ट्रक से टकराई स्कूटी, दो युवकों की मौत

मुलताई। नेशनल हाईवे नागपुर फोरलेन पर थावरिया नाला वीआईपी स्कूल के पास सोमवार की दोपहर एक ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी. जिससे स्कूटी सवार दो युवकों की मौत हो गई।

पुलिस कर रही हादसे की जांच

दर्दनाक हादसे से गांव और परिवार में शोक

बताया जाता है खेडी देवगांव निवासी बारीक उर्फ हेमराज धुर्वे (18) मुलताई के एक रेस्टोरेंट में

काम करता था। रविवार 15 मार्च 2026 की शाम करीब 5 बजे उसने अपने पिता को फोन कर बताया कि वह मुलताई से अपने दोस्त सुखदेव कहार के साथ स्कूटी से घर लौट रहा है। रात करीब 11.30 बजे सूचना मिली की थावरिया नाला, नागपुर रोड के पास ट्रक क्रमांक आरजे 14 जीई 0676 से उनकी स्कूटी का एक्सीडेंट हो गया है। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे पीछे से आ रही स्कूटी ट्रक से जा टकराई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद सुखदेव कहार को मृत घोषित कर दिया,जबकि हेमराज धुर्वे के सिर, जांघ, पेट और हाथ में गंभीर चोटें आई थीं। परिजन हेमराज को बेहतर इलाज के लिए एम्बुलेंस से नागपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में मल्हारा पंखा के पास उसकी भी मौत हो गई। मृतक हेमराज के पिता ने ट्रक चालक पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

टीएल बैठक सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश

सभी पात्र बालिकाओं का करवाएं एचपीवी टीकाकरण : कलेक्टर

बैतूल। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए उद्यानिकी, सहकारिता, लोक निर्माण विभाग, स्कूल शिक्षा, जल संसाधन तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही अन्य विभागों को भी प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक और समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा कर नामांतरण, बटवारा और सीमांकन के लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में विक्रमोत्सव की भी समुचित तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य एवं स्कूल शिक्षा विभाग को टीकाकरण के महत्व के प्रति पात्र बालिकाओं और अभिभावकों को जागरूक करने और अधिक से अधिक टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस कार्य में महिला एवं बाल विकास विभाग को भी सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि पोषण ट्रैकर ऐप से छूटे बच्चों का प्राथमिकता के आधार पर पंजीयन किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने गर्भवती माताओं के पंजीयन तथा मातृ मृत्यु के प्रकरणों की समीक्षा कर सीएमएचओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ब्लड ट्रांसफ्यूजन और आयरन सप्लीमेंटेशन जैसे मानकों पर भी प्रगति लाने पर जोर दिया। सीईओ जिला पंचायत श्री जैन ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि फील्ड अमला दक्षतापूर्वक कार्य कर सके।

उन्होंने जल संचय जन-भागीदारी अभियान की समीक्षा करते हुए जल संरचनाओं से संबंधित कार्यों को पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश सभी सीएमओ और वन विभाग को दिए। साथ ही जनगणना कार्यों की समीक्षा कर जनगणना ब्लॉक गठन का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं सीएमओ को दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

महिला सशक्तिकरण विषय पर कार्यशाला आयोजित

बैतूल। महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा, जागरूकता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के अंतर्गत संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शासकीय महाविद्यालय शाहपुर में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गौतम अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों की उपस्थिति में महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर नर्मदापुरम की प्रशासक श्रीमती प्रतिभा वाजपेयी, पर्यवेक्षक श्रीमती रश्मि वर्मा, वन स्टॉप सेंटर बैतूल से परामर्शदाता श्रीमती शिखा भौरसे, केस वर्कर (लीगल)

श्रीमती मीरा सिंह ठाकुर, परियोजना अधिकारी सुश्री स्नेहा यादव, पुलिस विभाग से एसआई उमेश बिल्लारे, बाल संरक्षण अधिकारी विनोद इवने, शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नीतू जायसवाल तथा विधि अधिकारी योगेश वर्मा उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान वक्ताओं ने महिलाओं के अधिकारों, उनकी सुरक्षा तथा समाज में उनके सम्मान को सुनिश्चित करने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही महिलाओं से संबंधित कानूनों, सहायता सेवाओं, परामर्श व्यवस्था तथा संकट की स्थिति में उपलब्ध सहायता तंत्र के बारे में भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।